कार्यालय निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/प्रारं0/सांख्यिकी/एमडीएम नामांकन/8576/16–17 दिनांकः 28/8/2017

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी,
प्रारम्भिक शिक्षा।

विषयः—मिड–डे–मील योजनान्तर्गत लाभान्वित समस्त छात्र–छात्राओं एवं कुक/कुक कम हैल्पर्स के आधार कार्ड बनाने का कार्य 31.08.2017 तक पूर्ण करने के संबंध में।

प्रसंगः—शासन सचिव, स्कूल शिक्षा राजस्थान सरकार का अ0शा0 पत्र 4(4) प्रा. शि./ एमडीएम./2013./ पार्ट–1./ 520 दिनांक 11.08.17

उपर्युक्त विषयान्तर्गत सन्दर्भित पत्र द्वारा श्रीमान शासन सचिव स्कूल शिक्षा, राजस्थान सरकार द्वारा मिड–डे–मील योजनान्तर्गत लाभान्वित छात्र–छात्राओं एवं कुक कम हैल्पर्स के आधार कार्ड बनाये जाने का कार्य दिनांक 31.8.2017 तक अनिवार्यत पूर्ण करने के निर्देश दिये गये है। आयुक्तालय मिड–डे–मील के विभागीय पत्रांक 1116 दिनांक 07.03.2017, 247 दिनांक 02.06.2017 एवं 321–25 दिनांक 21.06.17 एवं 27.06.17, 12.07.17, 14.07.17 एवं 28.07.17 के माध्यम से योजनान्तर्गत लाभान्वित छात्र–छात्राओ एवं कुक/कुक कम हैल्पर्स के आधार कार्ड 15 अगस्त 2017 तक बनवाये जाने एवं आधार कार्ड नामांकन की सूचना शाला दर्पण/शाला दर्शन पोर्टल पर अद्यतन करवाये जाने हेतु आपको निर्देशित किया गया था। **अधोहस्ताक्षरकर्ता के पत्र दिनांक 26.07.2017 द्वारा भी आपको यह कार्य 15.08.2017 तक पूर्ण करने के निर्देश दिये गये थे।**

आधार कार्ड नामांकन की स्थिति की समीक्षा करने पर पाया गया हैं कि राज्य के लगभग समस्त जिलों में उक्त कार्य की प्रगति अत्यन्त धीमी/ असंतोषजनक है, जिससे यह प्रतीत होता है कि आधार नामांकन हेतु जिला स्तर पर नियुक्त नोडल अधिकारी एवं DoIT&C के ACP इस कार्य में अपेक्षानुसार रूचि नहीं ले रहे है। भारत सरकार योजनान्तर्गत लाभान्वित छात्र–छात्राओं एवं कुक/कुक कम हैल्पर्स के आधार नामांकन के संबंध में अत्यंत गंभीर है, तथा बार–बार स्मरण पत्र प्राप्त हो रहे है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि जिलों में पदस्थापित DoIT&C विभाग के एनालिस्ट कम प्रोग्रामर (ACP) को आवश्यक सूचना उपलब्ध करवाते हुए आधार नामांकन हेतु कैम्पस आयोजन में पूर्ण सहयोग करें तथा व्यक्तिगत रूचि लेकर दिनांक 31.08.2017 तक इस योजना की शत प्रतिशत क्रियान्विति सुनिश्चित करें।

इसे सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करे।

निदेशक
प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

प्रतिलिपिः— सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः—

1. श्रीमान शासन सचिव स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग राजस्थान सरकार को अ0शा0 पत्र 4(4)प्रा.शि./एमडीएम./2013/पार्ट–1/520 दिनांक 11.08.2017 की पालना में प्रेषित है।

www.rajteachers.com

2. श्रीमान् प्रमुख शासन सचिव, आयोजना विभाग, राजस्थान सरकार को प्रेषित कर अनुरोध है कि जिला स्तर पर नियुक्त **DoIT&C** के **ACP** को आधार नामांकन हेतु कैम्पस् आयोजन में पूर्ण सहयोग हेतु निर्देशित करने का श्रम करें।
3. श्रीमान आयुक्त मिड–डे मिल नवजीवन सहकारी बाजार (उपहार) प्रथम तल भवानी सिंह मार्ग,सी स्कीम जयपुर।
4. समस्त जिला कलेक्टर ।
5. समस्त शिक्षा उपनिदेशक,प्रारम्भिक शिक्षा को प्रेषित कर निर्देशित किया जाता है कि मंडल के अधीनस्थ जिलो की नियमित मोनेटरिंग करें तथा इस कार्य को निर्धारित तिथि 31.08.2017 तक शत–प्रतिशत क्रियान्वित करावें।

निदेशक
प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

www.rajteachers.com